तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 सिर पर मंगल कलश, मुख पर हरि का नाम, भागवत कथा से महका रलिया धाम



# नए स्वरूप में नजर आएगा अंधरीकछार स्कूल का नया भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के बीचोबीच संचालित अंधरीकछार स्कूल का नया भवन एक नए स्वरूप में नजर आएगा। निजी स्कूलों के तर्ज पर खिड़की, दरवाजे दिखेंगे। पुराने तौर तरीके के खिड़की दरवाजे की जगह स्लाइडिंग खिड़कियां, चैनल गेट नजर आएंगे।

मुख्य मार्ग में संचालित अंधरीकछार स्कूल में भ्रमण के लिए अधिकारियों की टीम गाहे बगाहे पहुंचा करती थी। किन्तु इसके बावजूद स्कूल का स्वरूप बदलने और उसे अपडेट करने की दिशा में किसी तरह की कार्ययोजना नहीं बन रही थी। केवल छोटे छोटे मरम्मत और रंगरोगन कर स्कूल को नया स्वरूप देने का काम किया जाता था। प्रत्येक वर्ष बरसात के सीजन में पानी रिसने के कारण स्कूल के भवन बैठने के लायक नहीं रहते थे। स्थिति यह थी कि बीआरसी भवन में कक्षाएं लगानी पड़ती थी। पिछले वर्ष स्कूलों के पुराने भवनों को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए भवन बनाने की कार्ययोजना बनने के बाद अंधरीकछार स्कूल वर्षों पुराना भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया है। नया भवन तैयार किया जा रहा है। नए लेआउट से बन रहे स्कूल भवन में स्लाइडिंग खिड़कियां लगेंगी, चैनल गेट भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा परिसर में बने ऐसे भवन जिनका उपयोग नहीं हो रहा है उन्हें भी डिस्मेंटल किया जाएगा।

## स्लाइडिंग खिड़कियां लगाई जाएंगी भवन में

**खास बातें**

- पुराने भवन को डिस्मेंटल का बनाया जा रहा नया भवन
- सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी नए स्कूल भवन में



## कलेक्टर ने किया स्कूल का निरीक्षण

अंधरीकछार स्कूल में अब तक विभागीय अधिकारी ही पहुंचा करते थे। लेकिन निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत स्कूल परिसर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे स्कूल परिसर का निरीक्षण करने के समय अधिकारियों से स्कूल की स्थिति, छात्रों की दर्ज संख्या से लेकर खेल मैदान की भी जानकारी ली। उन्होंने तैयार हो रहे स्कूल भवन में पुरानी खिड़कियों की जगह नई स्लाइडिंग खिड़कियां लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूल परिसर में पड़े मलबे को हटाकर बच्चों के खेलने के लिए मैदान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ की शासी परिसद की बैठक आज

कोरबा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती कल

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को संविधान रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम आयोजित है। वहीं कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष पार्षद नारायण कुर्रे ने बताया कि 14 अप्रैल को डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर घण्टाघर चौक स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष जयंती कार्यक्रम आयोजित है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चैहान ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, एनएसयूआई, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा एवं अजजा प्रकोष्ठ सहित पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लाक कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी तथा बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित होने के लिये आग्रह किये हैं।

### रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम कल होंगे

**कोरबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार लहरे, महासचिव आरडी भारद्वाज एवं कोषाध्यक्ष एसके मण्डल ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। 14 अप्रैल को दोपहर 2 बजे रैली निकाली जाएगी, जो तक्षशिला बौद्ध विहार मुड़ापार से प्रारंभ होकर टीपी नगर चौक होते हुए भीमराव अंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम घण्टाघर तक पहुंचेगी। रैली में सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। शाम 7 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजूदेवी राजपूत करेंगी।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ सीएमए का नाम

**कोरबा।** सीएमए-छत्तीसगढ़ मार्शल आर्ट एवं किकबॉक्सिंग एकेडमी ने अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा लिया है। यह उपलब्धि एकेडमी के खिलाडियों द्वारा स्थापना वर्ष 2018 से फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने के आधार पर प्राप्त हुई है। एसोसिएशन एवं सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश एवं जिले में किकबॉक्सिंग खेल 2006 से संचालित है। किकबॉक्सिंग खेल एवं खिलाडियों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु एकेडमी की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी। यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही, आयरलैंड, रूस, साउथ कोरिया, टर्की, इटली, नेपाल जैसे देशों में भारतीय किकबॉक्सिंग टीम का हिस्सा रहे हैं। यहां प्रशिक्षित खिलाडियों ने राज्य शासन द्वारा खेल पुरस्कार अलंकरण शहीद कौशल यादव, खेल अंकुर,खेल गौरव, खेल शिखर पुरस्कार प्राप्त किया है। खिलाडियों ने शासन द्वारा नगद राशि पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने की यह उपलब्धि न केवल खिलाडियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह संस्था के समर्पण और गुणवत्ता प्रशिक्षण का भी प्रमाण है।

## एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से किया जा रहा था राखड़युक्त पानी का विस्थापन

# हसदेव नदी में राखड़ विस्थापन पड़ा महंगा एचटीपीपी पर लगा 18 करोड़ का जुर्माना



हसदेव नदी में बहता हुआ राखड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम प्रबंधन द्वारा झाबू स्थित राखड़ बांध भरने की वजह से तटबंध से राखड़युक्त पानी का बहाव होने लगा। कंपनी प्रबंधन द्वारा हालात को संभालने की बजाए जानकारी छिपाने की कोशिश की गई और राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में समाहित किया जाने लगा। हसदेव नदी में पानी के समाहित होने से नदी के साथ साथ नहर का पानी भी प्रदूषित हो गया जिसकी वजह से निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित होने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर जांच के आदेश दिए जिसके बाद सिंचाई विभाग ने एचटीपीपी प्रबंधन के खिलाफ 18 करोड़ का जुर्माना ठोंका है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम द्वारा हसदेव नदी बायीं तट नहर को प्रदूषित किया जा रहा था जिसका इंपैक्ट नगर निगम के वार्डो में की जाने वाली जल आपूर्ति पर नजर आ रहा था। मामले को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना को एचटीपीपी संयंत्र के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने कहा था। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से राखड़युक्त पानी का रिसाव शुरु हो गया था। राखड़ डेम से रिसाव होने के बाद संयंत्र प्रबंधन द्वारा हालात को संभालने के बजाए जानकारी छिपाने ⏭ शेष पेज 3 पर

### मामले की हो रही जांच

जांच टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। सिंचाई विभाग द्वारा नदी में राखड़युक्त पानी के विस्थापन को लेकर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। टीम द्वारा जांच कार्यवाही पूरी होने के बाद ही मामले की और जानकारी दी जा सकेगी।

**-हेमंत सिंह**
मुख्य अभियंता एचटीपीपी संयंत्र

### जल आपूर्ति में आ रही थी बाधा

निगम आयुक्त द्वारा कटघोरा एसडीएम को लिखे पत्र में उल्लेख किया गया है कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा राखड़युक्त पानी हसदेव नदी बायीं तट नहर में विसर्जन किए जाने से न केवल जल प्रदूषण हो रहा है बल्कि जल आपूर्ति भी बाधित हो रही है जो पर्यावरणीय उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इसके अलावा नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के प्रतिकूल है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा तन्मय खन्ना से टेलीफोनिक चर्चा का प्रयास किया गया पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

### एसडीएम को लिखा पत्र

एचटीपीपी संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध के समय से पहले भर जाने पर संयंत्र प्रबंधन द्वारा दर्री डेम व बायीं तट नहर में राखड़ विस्थापन को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित की गई है। टीम द्वारा जांच की जा रही है।

**-आशुतोष पाण्डेय,** निगम आयुक्त

### ठोंका गया जुर्माना

नदी में राखड़ डंप करने को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित की गई है। मामले में जल संसाधन विभाग द्वारा एचटीपीपी संयंत्र प्रबंधन पर 18 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भविष्य में इस तरह की गलती ना हो इसके लिए संयंत्र प्रबंधन को निर्देश दिया गया है। पहले भी इस तरह का मामला सामने आया था। जिसे लेकर प्रबंधन के खिलाफ नोटिस जारी की गई थी।

**-एस एन साय**
ईई, जल संसाधन विभाग कोरबा

## हड़ताली सब स्टेशन कर्मियों के खाते में जमा हुई ईपीएफ की राशि, रात से पहुंचे काम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिक पिछले 12 दिनों से हड़ताल पर थे। रविवार को हड़ताली सब स्टेशन कर्मियों के ईपीएफ की राशि आखिरकार विभाग ने उनके खाते में जमा कर दी है। जिसके बाद सभी ठेकर श्रमिक रविवार की रात से ही सभी सब स्टेशन कर्मियों ने हड़ताल तोड़ते हुए अपने-अपने कार्य स्थल पर काम शुरू कर दिया है। जिससे निश्चित तौर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

**खास बात**

- 1 अप्रैल से जिले के सब स्टेशन कर्मी थे हड़ताल पर

उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल से जिले के 55 से अधिक सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिक अपनी ईपीएफ की राशि की मांग करते हुए हड़ताल पर चले गए थे। श्रमिकों के हड़ताल में चले जाने से विद्युत वितरण विभाग के नियमित कर्मचारी लगातार 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे थे। इसके अलावा लाइन मेंटेनेंस का काम भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। विगत दिनों विद्युत विभाग के अफसर मामले को संज्ञान में लिया था और कर्मचारियों की ईपीएफ की राशि को जल्द से जल्द उनके खाते में जमा करने का फरमान जारी किया था। जिसके बाद रविवार को 55 सब स्टेशन कर्मियों के ईपीएफ की राशि लगभग 65 लाख रुपए उनके खाते में जमा कर दिया गया। जैसे ही ठेका श्रमिकों को पता चला कि उनके पुराने ईपीएफ की राशि उनके खाते में जमा हो गई है फिर क्या था ठेका श्रमिकों में खुशी साफ झलक रही थी कि उनके पुराने मेहनत की राशि उन्हें मिल गई। ठेका ⏭ शेष पेज 3 पर

## जन्मदिन...



कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को उनके जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटकर बधाई दी गई। इस अवसर पर महापौर व पदाधिकारी उपस्थित रहे। विस्तृत खबर अंदर के पेज पर।

## पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरबा।** पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुर्वेद औषधीय से 0 से 3 साल 3 से 6 साल एवं गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य के संबंध में बताया गया। गर्मी में मुनगा का सेवन, सत्तू, बेल का शरबत, आम का पन्ना, शतावरी, अश्वगंधा, मूसली, वन औषधियो का सेवन कैसे करना है। डॉ रमापति तिवारी आयुर्वेद चिकित्सक मोरगा के द्वारा पोषण पखवाड़ा 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

# अधिवक्ता संघ का ताज किसके सिर, आज होगा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्षीय कार्यकाल के चुनाव के लिए रविवार को न्यायालय परिसर में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जहां कुल 813 मतदाताओं में से 757 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कुल 93 फीसदी मतदान हुआ। सोमवार की सुबह मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसके बाद यह तय हो जाएगा कि जिला अधिवक्ता संघ का ताज किसके सिर बंधेगा।

**खास बात**

- रविवार को 813 मतदाताओं में से 757 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

उल्लेखनीय है कि जिला अधिवक्ता संघ के दो वर्ष कार्यकाल के लिए चुनाव के प्रक्रिया पिछले कई दिनों से जारी थी और विभिन्न पदों के लिए मैदान में शामिल अधिवक्ता अपने-अपने जीत के लिए लगातार जोर-शोर से चुनाव प्रचार में लगे हुए थे। जिसके बाद रविवार की सुबह न्यायालय परिसर स्थित मतदान केंद्र में मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया संपन्न की गई। मतदान के निर्धारित समय तक अधिवक्ता संघ में कुल 813 अधिवक्ता पंजीकृत सदस्य थे जिसमें 757 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल मतदाताओं ⏭ शेष पेज 3 पर



मतदान के दौरान न्यायालय परिसर में उपस्थित अधिवक्तागण व अन्य।

### सुबह से रहा गहमा गहमी का माहौल

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से जो जो प्रत्याशी मैदान में थे उनके द्वारा लगातार चुनाव प्रचार किया जा रहा था। पिछले दो दिनों से न्यायालय परिसर में गहमा गहमी का माहौल बना हुआ था। रविवार के सुबह से ही जो अधिवक्ता अपने विभिन्न पदों के लिए मैदान में थे उनके द्वारा सोशल मीडिया से लेकर बैनर पोस्टर, फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया था। इसके अलावा मतगणना स्थल पर सभी प्रत्याशियों द्वारा सुबह से ही पूरी ताकत के साथ अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा था। सुबह से शाम तक न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की भारी गहमा गहमी देखी गई।

### इनके बीच मुख्य मुकाबला

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद में गणेश कुलदीप, राकेश दुबे, संजय जायसवाल, शिवनारायण सोनी के बीच मुकाबला हुआ। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालक राम बरेठ, अब्दुल नफीस खान, दीपक दुबे, रवि शर्मा, बद्री प्रसाद मोदी, एसबी पुरोहित, महिला उपाध्यक्ष में सरिता पांडेय, मंजूला पासवान, उर्मिला भगत, सचिव में सुनील यादव, रघुनंदन सिंह, चंद्रदीप शर्मा, सह सचिव रवि भगत, लक्ष्मण पटेल, सह सचिव महिला में माधुरी बोराई, शमीना खातुन, कोषाध्यक्ष में अमरनाथ कौशिक, किरण भान शांडिल्य, ग्रंथालय सचिव छतराम साहू, क्रांति श्रीवास, अशोक शर्मा एवं संतोष साहू, सांकृतिक क्रीडा सचिव हरिशंकर श्रीवास निर्विरोध निर्वाचित, सावित्री धांधी निर्विरोध निर्वाचित, कार्यकारिणी सदस्य में पुरुष शिवकुमार साहू, आशीष बनाफर, स्वपनिल शर्मा, वरुण राही, दीपेश साहू, श्रवण थवाईत, करमचंद प्रजापति के बीच मुकाबला हुआ है। जबकि महिला कार्यकारिणी में सुनीला पिल्ले और यमुना मानिकपुरी पहले ही निर्विरोध हो चुके हैं।

## बुधवारी बाजार पार्किंग जोन में नवनिर्मित आनंद बाजार वेंडिंग जोन का उद्योग मंत्री ने किया लोकार्पण

# छोटे व्यापारियों का दर्द समझता हूं, उनके हितों की होगी रक्षा: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेरे पिताजी एवं मैं स्वयं सड़क साईट में दुकान लगाकर व्यापार करते थे, मैं रोड साईट में व्यवसाय करने वाले व्यवसायी बंधुओं के दुख दर्द से अच्छी तरह परिचित हूं, मेरा संकल्प है कि रोड साईट व्यवसाय करने वाले व्यापारी भाईयों के हितों की सदैव रक्षा की जायेगी, जब तक उन्हें उनके व्यवसाय हेतु स्थाई ठिकाना उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक उन्हें स्थल से हटाया नहीं जायेगा।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवारी बाजार पार्किंग जोन में नवनिर्मित आनंद बाजार वेंडिंग जोन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुये कहा कि मेरे जन्म दिवस के अवसर पर आज यह पुन्य का कार्य करने का मौका महापौर के माध्यम से मुझे प्राप्त हुआ है, जिसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर लघु व्यवसायीबंधुओं को भी बधाई व शुभकामनायें दी तथा उनके व्यवसाय की सफलता तथा उनके लगातार प्रगति की कामना की। उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर जिले के लघु व्यवसायियों को एक बड़ा तोहफा देते हुये उन्हें आनंद बाजार वेंडिंग जोन की सौगात प्रदान की है। अब सड़क के किनारे फुटपाथ आदि पर व्यवसाय करने ⏭ शेष पेज 3 पर



वेंडिंग जोन का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री लखलाल देवांगन।

### निगम के सभी जोन में बनाये जा रहे वेंडिंग जोन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा लघु व्यवसायियों, वेंन्डर्स के हितों की सुरक्षा किये जाने के मद्देनजर दिये गये दिशा निर्देशों के तहत महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम द्वारा अपने सभी जोनांतर्गत वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि सड़क किनारे व फुटपाथ आदि में व्यवसाय कर अपना जीवन यापन करने वाले छोटे-छोटे व्यवसायियों को उनके व्यवसाय संचालन हेतु स्थाई ठिकाना प्रदान किया जा सके तथा वे भयमुक्त वातावरण में निश्चिन्त होकर अपना व्यवसाय कर सकें।

### आज मेरे लिये दोहरी खुशी का दिन

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि आज तो मेरे लिये दोहरी खुशी का दिन है, क्योंकि एक ओर कोरबा के लोकप्रिय विधायक व मेरे बडे भाई उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का जन्म दिवस है, तो वहीं दूसरी ओर इस शुभ दिवस पर सड़क के किनारे व्यवसाय करने वाले हमारे छोटे-छोटे व्यवसायी भाईयों को उनके व्यवसाय हेतु स्थाई ठिकाना मिल रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा मुझे लगातार मार्गदर्शन दिया जाता है कि शहर के किसी भी छोटे व्यवसायी विशेषकर सड़क के किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी भाईयों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों, जो जहॉं व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें वहॉं से न हटाया जाए, जब तक की उन्हें स्थाई ठिकाना उपलब्ध न करा दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। पुलिस ने म्यूल बैंक खाताधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, भारत शासन द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल जेएमईएस के माध्यम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के संदिग्ध बैंक खाताधारक सकलैन आबिद पिता आबिद हुसैन जतिया तालाब जरहाभाठा पन्ना नगर निवासी के द्वारा खुलवाया गया है। उसने अपने बैंक एकाउंट से विभिन्न बैंक एकाउंट में यूपीआई / एटीएम विड्रल माध्यम से रकम स्थानांतरित व आहरित किया है। उक्त बैंक खाता से ठगी रकम लेनदेन करने की आशंका है। पुलिस ने बैंक खाता धारक सकलैन आबिद के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिल्हा-दगौरी सेक्शन में आटोमैटिक सिग्नल

**बिलासपुर**। एसईसीआर के बिलासपुर और रायपुर डिवीजन के बीच बिल्हा से दगौरी सेक्शन को आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली से लैस किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष में 97 किलोमीटर स्वचालित सिग्नलिंग का कार्य पूरा होने के साथ ही आटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग में एसईसीआर पूरे रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा है। इस सिस्टम में दो स्टेशन के बीच दूरी के अनुसार 4 या 5-6 ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसके तहत तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में कुम्हारी से सरोना के बीच 14 किलोमीटर तक, बिलासपुर जंक्शन पूर्व केबिन से गतौरा चौथी लाइन 4 किलोमीटर, बोरतलाव से पनिआजोब तीसरी लाइन 8 किलोमीटर, अकलतरा से नैला 28 किलोमीटर, कलमना से कामठी 7 किलोमीटर, नैला से चांपा 22 किलोमीटर तक आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली में ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन किया जा रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए बिल्हा से दगौरी अप, डाउन, मीडिल लाइन 14 किलोमीटर को भी आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली में बदलने का काम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

### 6 माह में 104 किमी ट्रैक रिन्युअल

**बिलासपुर**। एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में 75 ट्रैक मशीन से रेल लाइन की सुरक्षा की जा रही है। इसके तहत पिछले 6 माह के दौरान 104 किलोमीटर ट्रैक रिन्युअल के अलावा 133 किलोमीटर ट्रैक में गिट्टी की छनाई, 96 टर्न आउट का रिन्युअल तथा 3600 किलोमीटर से अधिक प्लेन ट्रैक टैपिंग कार्य किया गया है। एसईसीआर में 5465 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन के साथ प्रतिदिन औसत लगभग 400 से भी अधिक ट्रेनों का परिचालन होता है। नए जरूरतों को देखते हुए रेलवे अत्यधिक आधुनिक मशीन का प्रयोग कर रहा है। इन अत्याधुनिक मशीन से रेल ट्रैक के रखरखाव से संबंधित कार्य किए जाते हैं। इसके अंतर्गत रेल लाइन का ट्रैक मशीन से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से सितम्बर तक 6 माह में 104 किमी ट्रैक रिन्युअल किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 49 किमी की तुलना में 112 प्रतिशत अधिक है। 133 किमी ट्रैक में गिट्टी की छनाई करने के अलावा 96 टर्न आउट का रिन्युअल, 3462 किमी की प्लेन ट्रैक की टैपिंग का कार्य किया गया है।

---

**मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की प्रतिबधता**

**ट्राइएज, इमरजेंसी और कैजुवल्टी वार्ड सुधरा, 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा**

# सिम्स के बर्न वार्ड की बदलेगी सूरत, जल्द होगा रिनोवेशन, सीपेज से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में एक साल के भीतर वार्डों का कायाकल्प हो रहा है, लगातार एक के बाद एक वार्ड संवारे जा रहे हैं, जिससे सिम्स का सूरत ए हाल दिन बद दिन बदल रहा है। ट्राइएज, इमरजेंसी के बाद अब बर्न वार्ड को भी संवारने का बीड़ा उठाया जा रहा है। प्रबंधन 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराएगा।




बर्न वार्ड जैसे सबसे पुराने वार्ड में मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वेंटिलेशन की समस्या होने के कारण सीपेज और दुर्गंध मरीजों को सहनी पड़ती है। छत खराब होने के कारण बारिश के दिनों में सीपेज की समस्या भी आम बात है। जिसे लेकर सिम्स प्रबंधन बड़े कदम उठाने जा रहा है। स्वशासी समिति द्वारा जल्द ही बर्न वार्ड में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा,अन्य वार्ड की तरह बर्न वार्ड का भी रिनोवेशन किया जाएगा। दरअसल बर्न वार्ड में 20 बेड के साथ संचालित किया जा रहा है। सर्जरी वार्ड के तहत यहां डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन असुविधाओं के चलते औसत 5 से 6 मरीज ही वार्ड में भर्ती रहते हैं। आए दिन होने वाली समस्याओं को देखते हुए बर्न वार्ड को नए सिरे से बनाया जाएगा।

### केन्द्रीय फंड से किया जाना था निर्माण

खास बात यह है कि बर्न यूनिट के लिए केन्द्र सरकार द्वारा फंड देने का प्रस्ताव बनाया गया था, प्रबंधन द्वारा इसके लिए पत्राचार भी किया गया लेकिन बाद में ना तो फंड आया और ना ही इसकी स्वीकृति मिल सकी। जिसके बाद से बर्न वार्ड को बर्न यूनिट और क्रिटिकल केयर में में तब्दील नहीं किया जा सका है। प्रबंधन ने बर्न वार्ड की समस्या को देखते हुए अन्य मदों से निर्माण कराने की बात कह रहा है।

### सभी वार्ड संवारे जाएंगे

धीरे-धीरे पिछले 6 से 8 माह में 3 वार्ड पूरी तरह से रिनोवेट हो चुके हैं। कैजुवल्टी, आपरेशन थिएटर, गायनिक, ट्राइएज और अब इमरजेंसी वार्ड भी रिनोवेट हो रहा है। इसके बाद बर्न वार्ड और अन्य वार्डों को संवारा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह,**
अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

---

**कलेक्टोरेट रोड, लिंक रोड, व्यापार विहार रोड पर चलने की नहीं रहती जगह**

# ट्रैफिक पेट्रोलिंग बंद : नो पार्किंग में कतार से खड़े हो रहे वाहन, जाम में फंसकर लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **ट्रैफिक पुलिस नहीं करती है कार्रवाई**

शहर में ट्रैफिक पेट्रोलिंग बंद होने से शहर के प्रमुख मार्गों में नो पार्किंग में कतार से वाहन खड़े हो रहे हैं, हालत यह है कि कलेक्टोरेट रोड, नेहरू चौक के आसपास, लिंक रोड, व्यापार विहार रोड सहित सभी प्रमुख सड़कों पर रह रहकर ट्रैफिक जाम होता है, लोग तेज धूप में जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होते रहते हैं। दिन के अलावा रात में बाजारों की हालत और अधिक खराब हो जाती है।

ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए शहर को चार जोन में बांटा था, चारों जोन में अलग अलग पेट्रोलिंग गाड़ी व लिफ्टर उपलब्ध कराए गए थे। पूर्व में ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी शहर में गश्त कर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों को एनाउंस कर हटवाया करती थी। वहीं बेतरतीबी से खड़े वाहनों को लिफ्ट कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती थी, इससे व्यवस्था सुधरने लगी थी, लेकिन धीरे धीरे गश्त बंद हो गई। लंबे समय से शहर में ट्रैफिक पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करते नजर नहीं आ रही है, नो पार्किंग में खड़े वाहनों को लिफ्ट भी नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि एकबार फिर सड़कों के दोनों किनारों पर चार पहिया व दो पहिया वाहन खड़े नजर आ रहे हैं। इससे सड़कों पर चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कलेक्टोरेट ब्रांच एसबीआई के सामने मुख्य सड़क पर खड़ी वाहने।




### लिंक रोड, व्यापार विहार रोड की स्थिति खराब

शहर के लिंक रोड, व्यापार विहार रोड में भी नो पार्किंग में कतार से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इन सड़कों पर दिन के अलावा रात में भी चलने की जगह नहीं बचती। इसके अलावा सिटी कोतवाली में मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद भी गोल बाजार में सड़क पर चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। सरकंडा इलाके की हालत सबसे अधिक खराब है। यहां सीपत चौक से नूतन चौक तक अवैध पार्किंग के कारण वाहन चलाने की जगह नहीं बचती है।

### कलेक्टोरेट रोड अब भी जस की तस

कलेक्टर - एसपी आफिस के सामने सप्ताह में 4 दिन सोमवार से शुक्रवार तक सर्वाधिक ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल रहती है। सड़क के दोनों ओर कतार से नो पार्किंग में चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इस सड़क पर वाहनों की डबल लाइन रहती है, जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेटोरेट के सामने आए दिन ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित होती है।

### नेहरू चौक पर आटो वालों का कब्जा

सुबह से देर रात तक नेहरू चौक में पेट्रोल पंप से लकर स्टेट बैंक तक आटो वालों सड़क में कब्जा रहता है। कतार से वाहन खड़े होने व सवार बैठाने के लिए चालकों के द्वारा सड़क में खड़े होने से लगातार आवागमन बाधित होता रहता है। इसके अलावा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। चौक में ट्रैफिक के जवान तैनात रहते हैं। उसके बाद भी आटो वालों को खदेड़ा नहीं जाता और न ही नो पार्किंग की कार्रवाई की जाती है।

### टाउनहाल के बगल में परेशानी

कलेक्टोरेट के सामने आए दिन ज्ञापन सौंपने वालों व घेराव करने वालों की भीड़ लगती है। इससे बचने के लिए नगर निगम के बगल से सड़क बनी हुई है। उक्त सड़क का लोग उपयोग कर आसानी से अपने गंत्वय तक जा सकते हैं। किन्तु उक्त संकरी सड़क के अगल बगल कतार से चार पहिया व बाइक खड़े रहते हैं। जिससे बाइक निकलने की भी जगह नहीं रहती है। ट्रैफिक पुलिस उक्त सड़क पर नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

### सख्ती से कार्रवाई हो रही है

शह में नो पार्किंग पर खड़े होने वाले वाहनों पर लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टोरेट के पास भी कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं और नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर रहे हैं। अब नो पार्किंग में खड़े होने वाले वाहनों पर व्हील लाक लगाया जाएगा।

-रामगोपाल करियारे, ट्रैफिक एडीशनल एसपी

---

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार



खगड़िया पेपर गैंग के गिरफ्तार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **दपूमरे नागपुर मंडल, रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी की बड़ी कार्रवाई**

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्री सामान चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेसुब नागपुर एवं जीआरपी इतवारी की संयुक्त कार्यवाही में अंतर्राज्यीय गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को 55189 इतवारी–छिंदवाड़ा पैसेंजर में यात्री के बैग से सोने-चांदी के आभूषण को चोरों ने पार कर दिया। करीब 2 लाख 44 हजार रूपए का सामान चोरी होने के बाद जीआरपी हरकत में आई। वहीं 16 फरवरी को इसी तरह 58206 ईतवारी–रायपुर पैसेंजर में भी एक यात्री के 2 लाख 20 हजार के ज्वेलरी की चोरी की गई थी। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य के निर्देशन में रेसुब नागपुर की टास्क टीम एवं डिकॉय टीमों का गठन किया गया। अपराध गुप्तचर शाखा द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त निगरानी कर आरोपियों की तलाश जारी की गई । 11 अप्रैल को रेसुब टास्क टीम एवं जीआरपी ने संयुक्त कार्रवाई की और 3 संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज एवं पीड़ितों की पहचान के आधार पर उनकी संलिप्तता की पुष्टि की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वयं को अंतर्राज्यीय खगड़िया पेपर गैंग का सदस्य बताया है।

### ऊपर रखे बैग और सूटकेस में सेंधमारी

पैसेंजर ट्रेनों में ऊपरी बर्थ पर रखे बैग एवं सूटकेस को गैंग आसानी से निशाना बनाता है। चोरी करने के लिए अखबार फैलाकर या बैग की आड़ में चेन खोलकर अंदर रखे कीमती सामान चोरी की जाती है और बाद में चेन बंद दिया जाता है। जिससे यात्रियों को तत्काल चोरी होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। गिरोह का संचालक बिहार के खगड़िया क्षेत्र का निवासी है, भिलाई में रहकर गिरोह संचालित करता है।

---

# नकली सोने के जेवर के बदले असली जेवर लेने पहुंची महिला

**बिलासपुर**। एक महिला नकली सोने के जेवर के बदले असली जेवर लेने लेने ज्वेलरी शाप पहुंच गई। दुकानदार के नकली सोने के जेवर पहचान लेने पर उक्त महिला भाग खड़ी हुई। पुलिस ने महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा स्थित लीला ज्वेलरी के मैनेजर जलेश कुमार आहिरे पिता भरत आहिरे ने रिपोर्ट लिखाई। 10 अप्रैल की शाम 6 बजे वे अपने दुकान में थे। उसी समय एक महिला उनकी दुकान में आई। अपना नाम पूनम वर्मा बताते हुए एक जोड़ी सोने का टाप्स, अंगूठी दिखाकर कहा कि दोनों 18 कैरेट सोने के हैं, इसके बदले में दूसरे सोने के जेवर चाहिए। उन्होंने टाप्स व अंगूठी हाथ में रखा तो उन्हें हल्का व नकली लगा। वे



अपने दुकान संचालक को नकली जेवर बदलने की जानकारी दे रहे थे। उनकी बातों को सुनकर महिला काउंटर से टाप्स, अंगूठी उठाकर उनके आंखो के सामने से ओझल हो गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पूनम वर्मा नामक महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 62 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी वाराणसी मंडवाडीह निवासी पूनम वर्मा उसके पति संजयवर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

### पैसा भेजने का झांसा देकर 90 हजार की ठगी

**बिलासपुर**। जिला अस्पताल का कर्मचारी बताकर तीन महिलाओं को मातृत्व वंदना का पैसा भेजने का झांसा देकर 88 हजार 400 रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, भेड़ीमुड़ा स्वास्थ मितानीन उमादेवी कश्यप को अज्ञात मोबाइल धारक ने फोन कर अपना परिचय देते हुए बताया कि वह जिला हास्पिटल से बोल रहा है। उसने झांसा देते हुए अलग अलग महिलाओं से 90 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने हितग्राही चंचल कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर बनाई रील, सोशल मीडिया में किया वायरल



**बिलासपुर**। युवकों के हुजूम ने बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर रील बनाया और उसे सोशल मीडिया वायरल कर दिया।

रील बनाने वाले युवक लालखदान के बताए जा रहे हैं। युवाओं द्वारा रील बनाने के दौरान उक्त मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया था और लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। तपती धूप में वाहन सवार जाम में फंसकर हलाकान होते रहे है। पूर्व में सड़क में केक काट कर बर्थडे मनाने वाले, चलती गाड़ी पर बैठकर, खिड़की से बाहर निकलकर, बाइक से सामने युवती को बैठाकर स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस के द्वारा सख्ती से कार्रवाई की गई है। उसके बाद भी युवाओं का आम रास्ते में रील बनाने का जुनून खत्म नहीं होने का नाम ले रहा है।

### आरक्षक पर हुई थी कार्रवाई

पिछले दिनों मस्तूरी थाने के एक आरक्षक ने वर्दी में अपनी पत्नी के साथ डांस करते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया था। एसएसपी ने वर्दी में रील बनाने पर आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया था।

### कार्रवाई की जाएगी

सड़क पर युवाओं के द्वारा रील बनाने की जानकारी नहीं है। रील देखने के बाद युवाओं की पहचान कर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

-रामगोपाल करियारे
ट्रैफिक एडीशनल एसपी

---

### युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

अंबिकापुर। सीएम कार्यक्रम से पहले शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करने के मामले में पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। नगर निगम में पदस्थ सहायक अभियंता प्रदीप कुमार पैंकरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का लोकार्पण होना था। विभाग द्वारा प्रतिमा के लोकार्पण की तैयारी की जा रही थी इस दौरान विकल झा व अन्य लोगों ने देर रा 12 बजे मौके पर पहुंचकर प्रतिमा का लोकार्पण कर दिया। इससे अंतिम चरण की शासकीय कार्य की तैयारी में पूर्णतः बाधा पड़ गई। नगर निगम के कर्मचारियों को लगाकर फिर से साज सज्जा कराई गई। विकल झा व अन्य उसके साथी के लोकापर्ण करने से शासकीय संपत्ति का नुकसान हुआ। पुनः शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति को फुलमाला व विधिवत कवर किया गया। विकल झा व अन्य के द्वारा जो विडियो शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति लोकापर्ण का विडियो शोसल मिडिया में डाला गया था। विकल झा के द्वारा शोसल मिडिया पर साम्प्रदायिक सौहार्द, भडकाउ भाषण व अफवाह फैलाते हुए यह प्रसारित किया गया कि ये लोग गोडसे के विचारधारा व समर्थक है। सहायक अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 221, 3(5), 324(3), 353(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रैक मेंटेनेरों को सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस

**बिलासपुर**। रेलवे में काम करने वाले सभी ट्रैक मेंटेनरो को अब सायकल मेंटनेंस करने के लिए अलग से अलाउंस दिया जाएगा, जिसके लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन मुख्यालय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को भी आदेश जारी किया है। ट्रैक में काम करने वाले ट्रैक मेंटेनरों को उनके कार्य स्थल पर आने-जाने के लिए सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस दिया जाता है, जो बिलासपुर जोन में नहीं दिया जा रहा था। एसोसिएशन की मांग पर रेलवे बोर्ड ने संज्ञान लिया और सायकल मेंटेंनेंस अलाउंस दिए जाने के लिए महाप्रबंधक को पत्र लिखा था।

---

# गांजा प्रकरण में फरार दो सगी बहनें गिरफ्तार

## 6 किलो गांजा और 6 लाख रुपए नकद जब्त

**बिलासपुर**। गांजा प्रकरण में फरार दो सगी बहनों को एसीसीयू टीम ने पकड़ लिया। उनके पास से 6 किलो गांजा, 5 लाख 98 हजार रुपए, कार, स्कूटी, मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है।

कुछ माह पूर्व कोनी क्षेत्र में गांजा तस्करी करते तस्करों को पकड़ा गया था। उक्त मामले में जयरामनगर निवासी मानकी केंवट उर्फ विनता फरार चल रही थी। एसीसीयू टीम फरार गांजा तस्कर युवती के पतासाजी में जुटी हुई थी। सूचना मिली कि फरार युवती अपनी बहन के साथ सरकण्डा पाटलीपुत्र नगर में रह रही है और वहीं से गांजा की खरीदी बिक्री कर रही है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के




गिरफ्तार आरोपी महिला।



आरोपियो से जब्त राशि सहित मोबाइल और अन्य सामग्री।

नेतृत्व एसीसीयू प्रभारी गोपाल सतपथी ने टीम ने साथ उसके घर में दबिश दी गई। घर के अंदर खड़ी कार व 2 स्कूटी की जांच करने पर गांजे की गंध आ रही थी, वहां से 6 किलो गांजा, 5 लाख 98 हजार 30 रुपए बिक्री रकम, दो मोबाइल, दो घड़ी मिली। घर से फरार तस्कर मानकी केंवट व उसकी बहन सुदामा केंवट उर्फ रानी को पकड़ लिया गया। उसकी बहन सुदामा केंवट पूर्व में गांजा तस्करी के मामले में कोटा थाने में पकड़ी गई और उक्त मामले में 3 साल जेल में रही है। टीम ने दोनों बहनों को कार्रवाई के लिए सरकण्डा पुलिस को सौंप दिया। सरकण्डा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही गांजा, वाहन व अन्य सामान जब्त कर लिया है।

---

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर**। अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। एनएच 130 पर 12 घंटे के भीतर ही तीन लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई वहीं आज दोपहर बनारस रोड में स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार एक युवक मौके पर ही ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार लटोरा बिहारपुर निवासी पंकज सिंह रविवार की दोपहर बाइक से किसी काम के सिलसिले में लटोरी गंगापुर निवासी कमलेश राजवाड़े व एक अन्य युवक के साथ शहर की ओर आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार चठिरमा बैरियर के समीप पहुंचे तभी शहर की ओर से लटोरी की ओर जा रहे स्कार्पियो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पंकज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमलेश व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांधीनगर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया वहीं मृत युवक के शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। गांधीनगर पुलिस ने घटना कारित स्कॉर्पियो को जब्त किया है वहीं मृतक के परिजन के आने पर मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है। वहीं एक अन्य घटना में लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोसंगा निवासी प्रमोद कुमार आ. धनीराम (20 वर्ष) शुक्रवार को रिश्तेदार के शादी के बाद होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने उदयपुर के पंडरी डांड़ गया था।

## खबर संक्षेप

### ज्योतिबा फुले की मनाई गई जयंती

**कोरबा।** इतिहास के महान समाज सुधारक महिला उत्थान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने वाले ज्योतिबा फुले की जयंती वार्ड क्रमांक 43 स्थित हितानंद अग्रवाल के कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, ज्योतिबा फुले समिति से सावित्री अनंत, स्मिता तागड़े, विजय लक्ष्मी, मनीषा राठौर, रिमझिम हजारिका, सरस्वती मानिकपुरी, तारकेश्वरी साहू, उमा दिनकर, उर्मिला कुर्रे, गीता श्रीवास, विमला आजाद, उत्तरी खूंटे, शीला कंवर, निराशा गजभिए एवं लीला भारद्वाज उपस्थित रहे।

### भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक बृजेन्द्र ने घोषित की कार्यकारिणी

**कोरबा।** भाजपा की सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बृजेन्द्रधर शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। सहकारिता प्रकोष्ठ में सह संयोजक पद पर नरेन्द्र ठाकुर, चुन्नीलाल कंवर, सोशल मीडिया प्रमुख डिम्पी कौर, विक्की निर्मलकर और कार्यालय प्रभारी अमित स्वर्णकार को बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप कौशिक, सत्येन्द्र पाण्डेय, सुनील प्रजापति, रामस्वरूप राठिया, छतराम यादव, सुरभवन सिंह कंवर, कमलेश प्रधान, अन्नपूर्णा श्रीवास, संतोषी कंवर, पुष्पा सिंह ठाकुर, अनिता प्रजापति, प्रमोद पाण्डेय, शैलेष पाण्डेय, नरेन्द्र मोहन पराशर, अमित पटेल, बजरंग सिंह कंवर शामिल है। धन सिंह कंवर, मस्तराम मंझवार, ईश्वर राठिया, इंदल सिंह, राजेन्द्र पाल, अजय कुमार, ठंडी लाल, कल्याण सिंह, भुवन लाल, शत्रुघन सिंह, मनहरण, विनोद कंवर और शत्रुघन करपे को जिला आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

### सोनगुढ़ा जलग्रहण विकास परियोजना का नाबार्ड मुख्य महाप्रबंधक ने किया अवलोकन



**कोरबा।** ग्रामीण विकास एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में कार्यरत संस्था स्रोत संस्था द्वारा संचालित सोनगुढ़ा जलग्रहण विकास परियोजना का अवलोकन नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डी.के. गवली द्वारा किया गया। इस दौरान उनके साथ जिला विकास प्रबंधक संजीव कुमार प्रधान एवं रायपुर से आए प्रबंधक सोहम् कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम जलग्रहण विकास समिति एवं ग्रामीणों के साथ परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम दोंदरो सोनगुढ़ा एवं औराकछार में निर्मित डबरी, कंटूर बंधान, मेड़ निर्माण, चेक डैम जैसे जल संरक्षण संरचनाओं के साथ-साथ आजीविका संवर्धन गतिविधियों जैसे मछली पालन, किराना दुकान, सब्जी उत्पादन आदि का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर स्रोत संस्था के अध्यक्ष डिकसन मसीह एवं संस्था के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित आटा एवं मसाला पिसाई इकाई का उद्घाटन भी भांवर एवं दोंदरो में किया गया। श्री गवली ने कहा कि नाबार्ड एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों जैसे स्रोत के संयुक्त प्रयासों से इस क्षेत्र में जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

## निधन

### श्रीमती गीता देवी मोदी



**कोरबा।** पावार हाउस रोड निवासी श्रीमती गीता देवी मोदी का निधन हो गया। वे व्यवसायी स्व. बिसभर प्रसाद मोदी की धर्मपत्नी एवं राजकुमार मोदी, राकेश मोदी एवं विनय मोदी की माता जी थीं। उनकी अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# रसोई गैस की सुचारू वितरण व्यवस्था हेतु कलेक्टर एवं एसपी ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में घरेलू रसोई गैस की सुचारू उपलब्धता व वितरण सुनिश्चित करने, अवैध भंडारण, ब्लैक मार्केटिंग, अधिक कीमत पर बिक्री तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की अध्यक्षता में गैस वितरक एजेंसियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुचारु और पारदर्शी गैस वितरण व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सम्बन्धितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सभी गैस वितरक एजेंसियों को सख्त दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि एजेंसियों में किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, सभी एजेंसियां इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी गैस वितरक एजेंसियों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। एजेंसी परिसर के बाहर की गतिविधियों पर निगरानी के लिए बाहरी दिशा में भी एक कैमरा विशेष रूप से लगाने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सभी एजेंसियों में सुरक्षा की दृष्टि से चौकीदार की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि एजेंसियों में स्टॉक की कमी या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में तत्काल सूचना जिला प्रशासन सहित संबंधित तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को दी जाए, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सभी एजेंसियों को अपने परिसर में बैनर के माध्यम से तहसीलदार, थाना प्रभारी का संपर्क नंबर एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का नंबर भी प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने गैस एजेंसियों को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा है कि आपसी समन्वय के साथ एलपीजी सिलेंडर का सुचारु भंडारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### गैस एजेंसियों को दिया गया सख्त निर्देश



#### जारी किया गया नंबर

जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति से सम्बंधित आवश्यक वस्तुओं की सुचारु वितरण और परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 9691901259 पर भी आमजन खाद्य आपूर्ति से संबंधित समस्या, सुझाव या आवश्यक जानकारी दर्ज करा सकते हैं।

## जन्मदिन पर सर्वमंगला मंदिर में पूजन अर्चना कर लिया आशीर्वाद

# उद्योग मंत्री को बधाई देने कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों का उमड़ा हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के जन्मदिन पर उनको बधाई देने भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, विभिन्न समाज के सम्मानीय गणों के साथ आम लोगों में उत्साह नज़र आया। सुबह से ही मंत्री श्री देवांगन के कोहड़िया स्थित निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

इसके पश्चात मंत्री श्री देवांगन माँ सर्वमंगला की आरती पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के खुशहाली एवं प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन द्वारा रखे गए भंडारा में अधिक संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वृद्धजनों का शाल श्रीफल के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन टीपी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां उनके अधिक संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री देवांगन का स्वागत कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि सरल सहजता के धनी मंत्री श्री देवांगन आज आम जन मानस के साथ साथ नगर और जिले के कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं। कोई भी कार्यकर्ता अपनी किसी भी परेशानी के लिए मंत्री श्री देवांगन से सुलभता के साथ मिल सकता है। कोरबा के विकास को तेजी से जमीन पर उतारकर आज हर वर्ग और हर क्षेत्र के चहेते बन गए हैं। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महामाला के साथ मंत्री श्री देवांगन का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, श्रीमती रुक्मणी नायर, श्रीमती मीना लहरे, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मुकुंद कंवर, उपेंद्र पटेल, श्रीमती धनश्री साहू, भुवनेश्वर तिवारी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, दुष्यंत शर्मा, अनिल यादव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश लहरे, मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, मनोज लहरे, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा, डीलेन्द्र यादव, राधे यादव, तुलसी ठाकुर, ईश्वर साहू, नारायण राजपूत, नारायण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री को महामाला पहनाते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल व कार्यकर्ता।

### जमनीपाली, बालको में भी भव्य स्वागत

मंत्री श्री देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर जमनीपाली और बालको में भी सामाजिक, धार्मिक और भारतीय जनता पार्टी के मंडल पदाधिकारियों द्वारा भव्यता के साथ स्वागत किया गया। एनटीपीसी गेट के सामने हनुमान मंदिर में मंदिर समिति एवं दर्री मंडल के पदाधिकारियों ने महामाला सेस्वागत किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष कौशल देवांगन, किशोर साहू, अंजय अग्रवाल, संजय कुर्मावंशी, परविंदर सिंह सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### सभी समाज के प्रमुखजनों ने भेंट कर दी शुभकामनाएं

मंत्री श्री देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर शहर के सभी समाज के प्रमुख जनों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण कुर्रे, कनौजिया राठौर समाज के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सिख समाज के प्रमुख जन, सियान सदन के पदाधिकारीगण, मथुरा माली मरार पटेल समाज के प्रमुख जन, सर्व यादव समाज के प्रमुख जन, क्षत्रिय राठौर समाज, एनटीपीसी बीएमएस के पदाधिकारी, पूर्वांचल विकास समिति के आरएन पांडेय, सहित अन्य समाज एवं संघ के प्रमुखजनों ने मंत्री श्री देवांगन को निवास में भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित किया।

## सिर पर मंगल कलश, मुख पर हरि का नाम, भागवत कथा से महका रलिया धाम



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार के पास स्थित ग्राम रलिया में राठौर परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच निकली इस यात्रा में समूचा गांव 'जय श्री कृष्णा' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

आयोजन के प्रथम दिन पावन जल संचय हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और युवतियों ने सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते श्रद्धालु और पुष्प वर्षा करते ग्रामीणों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। कलश यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन और कलश स्थापना की गई। कथा के प्रथम सोपान पर सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित दयानंद कृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा साक्षात भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप है, जिसका श्रवण मात्र ही मनुष्य के जीवन की दिशा बदल देता है। पंडित दयानंद कृष्ण महाराज ने बताया कि भागवत श्रवण से न केवल वर्तमान जीवन सुधरता है, बल्कि पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। आयोजक राठौर परिवार ने बताया कि क्षेत्र की सुख-शांति और जन-कल्याण की भावना से इस कथा का संकल्प लिया गया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा का लाभ उठाने की अपील की है।

# बरसों बाद मिले जब छात्र तो याद आए स्कूल में गुजारे गए पुराने दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत गृह हाई सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 एसपीएस दर्री स्कूल में 1999-2000 बैच में पढ़ने वाले दोस्त सभी अलग-अलग फील्ड में अलग-अलग शहरों में काम कर रहे हैं इनमें से कुछ के मन में ख्याल आया की क्यों न सभी स्कूल फ्रेंड फिर से मिले और पुराने स्कूल के टाइम को याद करें उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और उसे ग्रुप में सभी छात्र-छात्राएं जोड़ने चले गए जब सभी दोस्त मिल गए तो फिर उन्होंने मिलने का प्लान बनाया इस प्रोग्राम में कॉमर्स, मैथ्स, साइंस, आर्ट्स के सभी दोस्त मौजूद होने के लिए उन्होंने एक एचटीपीएस कॉलोनी में एक प्रोग्राम रखा जहां खुद तो सभी मौजूद हुए साथ ही उन्होंने अपने स्कूल में 11वीं व 12वीं में जिन शिक्षकों ने उन्हें पढ़ाया था उन्हें भी सम्मान से बुलाया गया और उनका प्रोग्राम में स्वागत सत्कार भी किया गया जिसमें शिक्षक अनिल मेल्यावर शकील अहमद खान, दिनेश रायचर, अरुण दास वैष्णव, रविंद्र कुमार सिंह, छोटे लाल आधे, बद्री प्रसाद पाटले, गीता शर्मा, सुषमा सिंह प्रोग्राम में शिक्षकों ने भी अपनी बात कही जो सभी पुराने छात्र-छात्राएं को काफी आनंद आ रहा था शिक्षकों को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट की गई शिक्षक द्वारा अपनी बात रखी गई छात्र-छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया इसके बाद सभी ने दोपहर का लंच साथ में किया लंच के बाद गेम्स ,एक्टिविटी, सिंगिंग, डांसिंग का प्रोग्राम भी किया गया और सभी को काफी मजा आया, इसके बाद स्कूल का भी सभी दोस्तों (छात्र-छात्राओं) द्वारा दौरा भी किया गया। स्कूल के दौरा के दौरान उन्हें लगा कि हमारा बचपन स्कूल टाइम वापस आ जाए सभी दोस्त एक साथ मिलकर काफी खुश हुए उन्होंने सोचा नहीं था कि हम 25 साल बाद फिर से ऐसे मिलेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र छात्राएं।

# मान्यता: ग्रामीण अकाल न पड़े इसलिए मनाते हैं बार रानी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनजातीय बाहुल्य कोरबा जिले के ग्रामीण अंचलों में मनाया जाने वाला बार रानी महोत्सव आदिवासी संस्कृति का उदाहरण है। इसमें परंपराओं के संरक्षण के साथ सामूहिक भागीदारी का संदेश छिपा हुआ है। बारह दिनों तक चलने वाले इस विशेष आयोजन को ही बार रानी का नाम मिला हुआ है, प्रकृति और ग्राम देवी-देवताओं की पूजा इसमें केंद्रित है।

### खास बात

- जनजाति समाज निभाता है इस परंपरा को

ग्रामीणों की मान्यता है कि बार रानी की कृपा से गांव में कभी अकाल नहीं पड़ता और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। यही वजह है कि इस पर्व को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। महोत्सव की तैयारी लगभग एक सप्ताह पहले शुरू हो जाती है, जब बार मैदान में बैठक आयोजित कर चंदा और अनाज (विशेषकर चावल) का आंकलन किया जाता है। इसी बैठक में समिति का गठन होता है, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव का चयन किया जाता है। गांव के प्रत्येक वार्ड के पंचों को चंदा और चावल एकत्र करने की जिम्मेदारी दी जाती है। ग्रामीण अपनी श्रद्धा अनुसार योगदान देते हैं। एकत्रित राशि से पूजा की सामग्री खरीदी जाती है और गांव के बैगा (पुजारी) के लिए सफेद धोती ली जाती है। जिस पेड़ के नीचे पूजा होती है, उसे भी सफेद वस्त्र से सजाया जाता है। साथ ही कलश, दीपक और अन्य पूजन सामग्री तैयार की जाती है। इस महोत्सव में दूर-दराज के कलाकार भी आमंत्रित किए जाते हैं, जिन्हें देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। छोटे-छोटे बाजार भी सजते हैं, जहां खाने-पीने और मनोरंजन की व्यवस्था रहती है। हर तीन वर्ष में आयोजित होने वाला यह पर्व सामाजिक मेल-मिलाप का भी अवसर होता है। लोग अपने घरों में मेहमान बुलाकर उनका स्वागत करते हैं। अंतिम दिन प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन होता है और बैगा का विशेष सम्मान किया जाता है।



महोत्सव में नृत्य की प्रस्तुती देते ग्रामीण।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हसदेव नदी में...

की कोशिश की गई। सूत्रों की मानें तो सीएसईबी के अधीक्षण अभियंता (फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन) ने बांध फूटने की वास्तविक स्थिति को लेकर जिला प्रशासन को गुमराह किया। इसके अलावा बड़ी मात्रा में बांध से निकलने वाले राखड़युक्त पानी को दर्री डेम की ओर छोड़ा जाने लगा। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक हल्कों में हड़कंप मचा दिया। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एचटीपीपी संयंत्र के अधीक्षण अभियंता श्री नेताम को जमकर फटकार लगाई और घटनाक्रम पर जवाब तलब किया। कलेक्टर ने साफ निर्देश दिया है कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही तय की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल नगर निगम, सिंचाई विभाग, पर्यावरण विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त जांच टीम गठित की गई। जांच टीम द्वारा घटनास्थल व मामले की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि बांध की मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों में आखिर कहां चूक हुई। आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर सिंचाई विभाग के ईई एस एन साय ने एचटीपीपी प्रबंधन के खिलाफ 18 करोड़ का जुर्माना ठोंका है। **बढ़ा पर्यावरणीय खतरा :** इस घटना के बाद पर्यावरणीय खतरे को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। दर्री डेम में राख छोड़े जाने से शहर का एक मात्र वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित हुआ । जिससे शहरी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई। यही नहीं डेम के गंदे पानी की वजह से एनटीपीसी का विद्युत उत्पादन भी प्रभावित हो गया। जिसे लेकर प्रबन्धन ने जल संसाधन विभाग को जानकारी दी है।

### हड़ताली सब...

श्रमिकों ने तत्काल हड़ताल समाप्त करते हुए देर रात लगभग 10 बजे से सभी ठेका श्रमिक अपने-अपने कार्य स्थल सब स्टेशन में जॉइनिंग दी। ठेका श्रमिकों के हड़ताल में वापसी के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि पिछले 12 दिनों से चल रहे हड़ताल की वजह से सभी जोन अधिकारी कर्मचारियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### अधिवक्ता संघ का...

में से 757 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जो 93 फ़ीसदी रहा। मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। सोमवार की सुबह 9 बजे स्ट्रांग रूम से मतदान पेटी को बाहर निकालकर गणना की जाएगी। इसके उपरांत विजय प्रतिभागियों के नाम का ऐलान किया जाएगा।

### मेरे पिताजी...

वाले इन लघु व्यवसायियों को सुविधापूर्ण स्थाई दुकानें मिल चुकी हैं, अब उन्हें बार-बार दुकान हटा दिये जाने का डर भी नहीं सतायेगा तथा निश्चिंत होकर अपने व्यवसाय का संचालन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में काफी तादात में सड़क के किनारे फुटपाथ आदि में लघु व्यवसायियों द्वारा अपने छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित किये जा रहे हैं किन्तु इन व्यवसायियों को सदैव स्थल से हटा दिये जाने का डर बना रहता है, वहीं दूसरी ओर इससे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, आवागमन बाधित होता है, जहां एक ओर इन लघु व्यवसायियों को दुकानें हटा दिये जाने का भय बना रहता है, वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों, आमनागरिकों को भी असुविधा होती है, समय-समय पर इन व्यवसायियों को व्यवसाय प्रभावित होता है तथा उन्हें हर समय एक स्थाई स्थान की आवश्यकता बनी रहती है तथा उनका सपना रहता है कि उन्हें अपने व्यवसाय हेतु एक स्थाई ठिकाना मिल जाए। इन लघु व्यवसायियों के हितों के मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार के सामने रोड की दूसरी ओर स्थित पार्किंग स्थल मैदान के किनारे-किनारे चारों ओर 53 दुकानों से युक्त वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है, इन दुकानों को इन्हीं लघु व्यवसायियों को आबंटित किया गया है व आबंटित किया जा रहा है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षीय उपस्थिति में उक्त वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, पंकज देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, प्रफुल्ल तिवारी, योगेश जैन, मनोज अग्रवाल, रूखमणी नायर, नरेन्द्र पाटनवार, दीनू महाराज, कृष्णा द्विवेदी, दुष्यंत शर्मा, आकाश श्रीवास्तव, मनोज राजपूत, अनिल यादव, सुरेन्द्र राजवाडे. जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अश्वनी दास, अंजुला अनंत, राजू गुप्ता, रामलाल पटेल, शबीर खान,विनोद राठौर, गुलजार सिंह, संजय मानिकपुरी, शैलेन्द्र यादव, प्रीति चौहान, स्वाति कश्यप, एस.के.जैन, संतोष देवांगन सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर



नि:संतान दंपत्तियों के लिए उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र 70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :- फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सांसद ज्योत्सना महंत का हुआ स्वागत

**गेवरा दीपका।** लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के अल्प प्रवास पर तिवरता शारदा फ्यूल में सांसद प्रतिनिधि एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर पोषक महंत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, सांसद प्रतिनिधि शेत मसीह, तिवरता शारदा फ्यूल संचालक चैतन्य कुशल मनहर, इतवारी महंत, मुकेश पटेल, चुनेश महंत, अनिल पटेल आदि उपस्थित रहे।

### किसान सभा ने मनाया स्थापना दिवस




**कोरबा।** अखिल भारतीय किसान सभा के 91वां स्थापना दिवस पर जिले में किसान सभा का झंडा फहराते हुए सदस्यता अभियान शुरू किया गया। भूविस्थापितों, किसानों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प भी किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने लिया। किसान सभा के अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने स्थापना दिवस पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज संपूर्ण देश के साथ जिले में किसान सभा जो अखिल भारतीय किसान सभा से संबंध है, जिले में संघर्ष का प्रतीक बन गया है। किसान सभा ने हर गांव में किसान सभा, किसान सभा में हर किसान का नारा दिया है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि किसान सभा के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर सदस्यता करते हुए स्थापना दिवस मना रहे हैं 11 से 30 अप्रैल तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। किसानों को किसान सभा में जोड़ने के साथ किसानों के साथ समस्याओं पर चर्चा कर आगे आंदोलन की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि जन संघर्षों को संगठित किए बिना संगठन का निर्माण नहीं किया जा सकता और बिना संघर्ष के संगठन भी नहीं बनाया जा सकता। संगठन जितना मजबूत होगा। जन संघर्षों के विस्तार भी उतनी ही तेजी से होगा।

### सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ज्योतिनंद



**दीपका।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल दीपका द्वारा ग्राम विजय नगर में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छग खाद्य के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा मुंगेली जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ते हुए उनका अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अनुभव और सुझाव भी सुने गए, जिससे योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और सुशासन की नीति पर कार्य कर रही है। गांव चलो, घर चलो अभियान के माध्यम से हम सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी अपेक्षाओं को समझ रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# तीन दिन में करना होगा हिंदी विषय की 11 हजार कापियों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हायर सेकेंडरी स्कूल की दोबारा आयोजित की गई हिंदी विषय की कांपियों का मूल्यांकन कार्य आज से शुरू होगा। जिले के दोनों केन्द्रों में मूल्यांकन के लिए 11 हजार कांपियां भेजी गई हैं। इसके लिए 3 दिन का समय माशिमं के द्वारा जांचने के लिए दिया गया है।

हायर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी विषय का प्रश्न पत्र लीक हो जाने के कारण 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा प्रदेश भर में आयोजित की गई थी। इसी कड़ी में जिले के 98 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें 9 हजार से अधिक परीक्षार्थी उपस्थित हुए थे। इन कापियों के मूल्यांकन के लिए बोर्ड के द्वारा 3 दिन का समय दिया गया है। जिले के परीक्षा केन्द्रों में ली गई परीक्षा की कांपियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल भेज दिया गया था। वहीं मंडल के द्वारा अन्य जिलों की कांपियों के मूल्यांकन के लिए शहर के दो केन्द्रों साडा कन्या एवं एनसीडीसी स्कूल में भेजा गया है। जिनमें साडा कन्या में 6 हजार 200 कांपियां और एनसीडीसी में 5100 कांपियां मूल्यांकन के लिए भेजी गई हैं। सोमवार से मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। 3 दिन के अंदर 11 हजार कांपियों का मूल्यांकन पूर्ण करना होगा। मूल्यांकन करने के लिए पूर्व की तरह जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी उन शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए दोबारा बुलाया गया है।

साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल और एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में लगभग 4 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसकी सूचना शनिवार और रविवार को शिक्षकों को भेज दी गई है। सोमवार सुबह 9 बजे से मूल्यांकन कार्य शुरु हो जाएगा। इसके लिए दोनों केंद्रों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## आज से शुरू होगा दोनों केन्द्रों में मूल्यांकन कार्य

**खास बातें**

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जिले के दो केन्द्रों में भेजी कांपियां
- दोनों केंद्रों में 4 सौ शिक्षकों की लगी ड्यूटी



## बांकीमोंगरा थाना से महज 5 सौ मीटर दूर मेन रोड पर हुई घटना

# पंचर दुकान के किनारे रखे पुराने टायर के स्टॉक में लगी भीषण आग



आग से उठता धुंआ।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना से महज 5 सौ मीटर दूर मेन रोड पर एक पंचर की दुकान संचालित होती है। जहां पुराने टायरों को स्टाक किनारे में रखा गया था। दोपहर को अचानक पुराने टायर के स्टॉक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल धारण कर लिया। जब तक आग को काबू करने का प्रयास किया जाता तब तक आग ने चारों तरफ से घेर लिया था। आगजनी की घटना से आसपास क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। आगजनी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। इस आगजनी की घटना से पंचर दुकान के संचालक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खास बात**

- 9 से अधिक दमकल की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना से महज 5सौ मीटर की दूरी पर मेन रोड पर शकील अंसारी द्वारा पंचर दुकान का संचालन किया जाता है और शकील अंसारी ने अपने दुकान के ठीक बगल में पुराने टायरों को स्टॉक कर रखा था। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे पुराने टायर के स्टाक पर अचानक चिंगारी उठी और देखते-देखते चिंगारी ने टायर को अपनी पूरी तरह से जद में ले लिया। टायर में लगी आग इतनी विकराल थी कि वह दूर-दूर तक लपटें उठ रही थी। आगजनी की सूचना पाते ही बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ एएसआई श्री टंडन दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। आगजनी की सूचना पर लगभग 9 से अधिक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद शाम लगभग 4:30 बजे आग को काबू किया जा सका। आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है हालांकि कोई जन धन की हानि नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक आग कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर की जा रही है।

### गर्मी बढ़ते ही बढ़ने लगी आगजनी की घटना

अप्रैल के महीने में ही पर तेजी से तापमान बढ़ने लगा है पर लगभग अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने लगा है जिसकी वजह से गर्मी में आगजनी की घटना सामने आने लगी है। इससे पहले भी जिले में अप्रैल के महीने में कई आगजनी की घटना सामने आ चुकी है। गर्मी इतनी तेज हो रही है कि कई गाड़ियों में भी आगजनी की घटना हो चुकी है। फिलहाल अभी मई और जून का महीना बाकी है ऐसे में तापमान और तेजी से बढ़ेगा। मई और जून के महीने में सबसे ज्यादा आगजनी की घटना सामने आती है। इसलिए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आम लोगों को सजग रहने की आवश्यकता है।

# ओवरटेक के चक्कर में भिड़े ट्रेलर और टैंकर, चालक घायल



घटना के बाद लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे 130 पर बीती रात दो वाहनों की भिड़ंत में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ओवरटेक के चक्कर में यह हादसा हुआ। इस घटना के कारण हाइवे पर कुछ घंटे जाम की स्थिति रही। हाइवे पेट्रोलिंग और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच जरूरी कोशिश की और आवागमन को बहाल कराया। रात्रि 11 बजे के आसपास यह घटना हुई। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर लालघाट में एनएच पर यह दुर्घटना हुई। इसे लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक बाइक को बचाने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे टैंकर से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ट्रेलर चालक का कहना है कि टैंकर चालक ओवरटेक कर रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना के चलते नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस ने इस मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। लापरवाही बरतने के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई।

## प्रांतीय गोर्खाली समाज की प्रांतीय महासभा का हुआ आयोजन



**कोरबा।** पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति में प्रांतीय गोर्खाली समाज छग का चौथा साधारण सभा का आयोजन किया गया। पशुपति नाथ नेपाली सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण बहादुर क्षेत्री के मुख्य अतिथि का संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर गौतम के द्वारा मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा के द्वारा समाज के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरुंग और केन्द्रीय सचिव श्रीमती ललिता सिंह के द्वारा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। बच्चों व महिलाओं का खेलकूद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असीम थापा, जगन लाल, नरेन्द्र गुरुंग, श्रीमती शकुन गुरुंग, सन्तोष बहादुर सोनी, श्रीमती ललिता सिंह, उदय बहादुर सुब्बा, श्रीमती दुर्गा सिंह, कमान सिंह कठायत, श्रीमती माया थापा, श्रीमती शशि थामी, श्रीमती कलावती देवी, सीबी थामी, श्रीमती मीना पुरी, श्रीमती माया थापा, श्रीमती भारती गुरुंग, बजरंग बहादुर सोनी, शंकर पुरी, राज बहादुर सुब्बा, नारायण श्रेष्ठ उपस्थित रहे। संचालन श्रीमती मीना पुरी और आभार श्रीमती माया थापा ने किया।

# स्थानीय एवं अनुभवी वाहन चालकों को रोजगार में मिले प्राथमिकता : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल ने जिले के एसईसीएल अंतर्गत संचालित विभिन्न खदान क्षेत्रों कुसमुंडा, गेवरा, मानिकपुर, दीपका आदि में स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान किए जाने हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र प्रेषित किया है।

**खास बात**

- पूर्व राजस्व मंत्री ने एसईसीएल सीएमडी को लिखा पत्र

अपने पत्र में श्री अग्रवाल ने उल्लेख किया है कि वर्तमान में जिले के विभिन्न खदान क्षेत्रों में कई निजी कंपनियों द्वारा खनन कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा आने वाले समय में और भी कंपनियों के कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ, जिला कोरबा द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार लगभग 500 स्थानीय एवं अनुभवी वाहन चालक रोजगार की अपेक्षा में हैं। ये सभी चालक वर्षों से खनन कार्य से जुड़े रहे हैं तथा क्षेत्रीय परिस्थितियों एवं कार्य प्रणाली का पर्याप्त अनुभव रखते हैं। श्री अग्रवाल ने सीएमडी एसईसीएल से आग्रह किया है कि खनन कार्य में संलग्न नई एवं वर्तमान कंपनियों द्वारा ड्राइवरों की नियुक्ति के दौरान स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को प्राथमिकता देने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही, एसईसीएल के अंतर्गत जिले के समस्त खदान क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को भी इस संबंध में निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है ताकि स्थानीय ड्राइवरों को समुचित अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि नए ड्राइवरों की नियुक्ति के साथ-साथ पूर्व से कार्यरत एवं अनुभवी ड्राइवरों को विभिन्न कंपनियों में समायोजित करने की सकारात्मक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उनके परिवारों की आजीविका सुचारू रूप से चल सके। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आशा व्यक्त की है कि एसईसीएल प्रबंधन इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं एवं वाहन चालकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा।



रोजगार के लिए पूर्व राजस्व मंत्री से मिलते एसईसीएल भूविस्थापित।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## मातृ शक्ति के भाग्य और भविष्य को नई दिशा देने का निर्णायक समय

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का क्रांतिकारी मोड़ बताते हुए कहा कि अब मातृशक्ति के भाग्य और भविष्य को नई दिशा देने का निर्णायक समय आ गया है।

उक्त बातें सुश्री सरोज पांडेय ने होटल गणेश इन में आयोजित एक प्रभावशाली पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्षों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया लेकिन उन्हें वास्तविक अधिकार देने का साहस किसी भी सरकार ने नहीं दिखाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में संभव हो पाया है, जिन्होंने महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। सरोज पाण्डेय ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 केवल एक कानून नहीं बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है, जो आने वाले समय में राजनीति और समाज दोनों में बड़ा परिवर्तन लाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीना शर्मा तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पत्रकार वार्ता में स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब देश की मातृशक्ति केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली शक्ति बनेगी। सरोज पांडेय ने यह भी कहा कि इससे पहले सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का काम किया। एक समय था जब बेटियों के जन्म पर उन्हें मार दिया जाता था, जिससे लिंगानुपात में भारी गिरावट आई थी लेकिन इन अभियानों के कारण आज स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है और महिलाओं की भागीदारी समाज में बढ़ी है। अंत में सरोज पांडेय ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम देश में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411